समाचार

बसंत पंचमी पर आयुक्त ने की निगम की लाईब्रेरी में मॉ सरस्वती की पूजा अर्चना

कोरबा 03 फरवरी 2025 –बसंत पंचमी के पावन अवसर पर आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम के सार्वजनिक वाचनालय सह लाईब्रेरी में वीणावादिनी मॉ सरस्वती की पूजा अर्चना की तथा नगर के अमनचैन एवं सुख शांति की कामना की। इस मौके पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा सहित निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा पुराना बस स्टैण्ड गीतांजलि भवन स्थित अपने सार्वजनिक वाचनालय सह लाईब्रेरी में बसंत पंचमी के मौके पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मॉ सरस्वती की पूजा अर्चना रखी गई थी। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने सार्वजनिक वाचनालय पहुंचकर विद्यादायनी मॉ सरस्वती की पूजा अर्चना की, इस मौके पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा के साथा ही उपायुक्त बी. पी.त्रिवेदी, कार्यपालन अभियंता विनोद कुमार शांडिल्य एवं सुरेश बरूवा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, लेखाधिकारी अशोक देशमुख, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, उप जोन प्रभारी अजय अग्रवाल, कार्यालय अधीक्षक अरविंद वानखेड़े, सहायक लेखाधिकारी प्रदीप सिकदर, कार्यालय सहायक उत्तम साहू, अरूण मिश्रा, लीलाम्बर यादव, सरस देवांगन, अरविंद

सिंह, कपिल श्रीवास्तव, भानुप्रसाद साहू, उदय मण्डल, रामकृष्ण सोनी, लक्खूप्रसाद रस्तोगी, नितिन शर्मा, शंकरलाल साहू आदि सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।